## संपादकीय

# उनसे उम्मीद ना रखें

जो लोग क्रोनी कैपिटलिज्म को सिर्फ भारत की परिघटना मानते हैं, उन्हें अपनी इस राय पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्हें वित्तीय पूंजीवाद के वर्तमान रूप को समझना चाहिए, जिसने राजसत्ताओं पर कब्जा जमा लिया है।

एयर इंडिया, बोइंग और एयरबस तीनों प्राइवेट कंपनियां हैं। एयर इंडिया ने विमान खरीदने का सौदा अमेरिका की बोइंग और फ्रांस की एयरबस से किया है। ध्यान देने की बात है कि इस सौदे का एलान तीनों देशों के सरकार प्रमुखों ने किया। उधर इस अवसर पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का भी उल्लास झलका। इसलिए कि इस सौदे से जुड़े कई पाट-पुर्जों की सप्लाई ब्रिटिश कंपनियां करेंगी। यह घटना मौजूदा दौर में राजसत्ता के बदले चरित्र की बेहतरीन मिसाल है। इसलिए जो लोग क्रोनी कैपिटलिज्म को सिर्फ भारत की परिघटना मानते हैं, उन्हें अपनी इस राय पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्हें वित्तीय पूंजीवाद के वर्तमान रूप को समझना चाहिए, जिसने राजसत्ताओं पर कब्जा जमा लिया है। उसके बीच सरकारें सिर्फ उसका हित साधने की एजेंसी बन गई हैं। वे कारोबारी घरानों के हित साधती हैं। कुछ धनी-मानी घराने अपने धन और प्रचार तंत्र से चुनावों का निर्णायक नैरेटिव तैयार करते हैं। ऐसे में उनका समर्थन काफी हद तक एक निर्णायक पहलू बन जाता है। यह बात इसलिए आज अधिक विचारणीय है, क्योंकि भारत में ऐसे बहुत से लोग हैं, जो सोचते हैं कि अगर नरेंद्र मोदी सरकार ने बीबीसी पर छापा डलवाया है, तो उससे पश्चिमी दुनिया में उसकी हैसियत बिगड़ जाएगी। यह संयोग है या नहीं, हम नहीं जानते, लेकिन इस विडंबना पर जरूर गौर करना चाहिए कि बीबीसी पर छापा जिस दिन पड़ा, उसी शाम नरेंद्र मोदी, जो बाइडेन, इमैनुएल मैक्रों और ऋषि सुनक ने उद्देश्य के साझेपन का अद्भुत संदेश सार्वजनिक रूप से दिया।

इसके तीन दिन पहले न्यूयॉर्ट टाइम्स अपने एक संपादकीय में इस बात पर अफसोस जता चुका था कि अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य पश्चिमी देशों की सरकारें अपनी चीन विरोधी रणनीति में भारत की उपयोगिता के कारण दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की खत्म हो रही आजादी की चिंता नहीं कर रही हैं। मंगलवार की घटनाओं से इस अखबार और उसकी जैसी सोच रखने वाले लोगों का अफसोस गहरा हुआ होगा। बहरहाल, कहने का सार और संदेश यह है कि भारत के लोगों को अपनी नागरिक आजादियों को बचाना है, तो उसके लिए उन्हें खुद और अपने बूते पर संघर्ष करना होगा।

# वित्त मंत्री सीतारमण का ऐलान, जीएसटी मुआवजे के 16982 करोड़ रु. का किया जाएगा पूरा भुगतान



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जीएसटी मुआवजे के लंबित बकाया का पूरा भुगतान जल्द ही कर दिया जाएगा। सरकार जीएसटी मुआवजे के 16,982 रुपये का भुगतान अपने कोष से करेगी। जीएसटी काउंसिल की 49वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने परिषद की मीटिंग में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी।

वित्त मंत्री ने कहा कि इतनी बड़ी राशि जीएसटी के लिए बनाए गए मुआवजा कोष में उपलब्ध नहीं है, लेकिन हमने इस राशि को अपने संसाधनों से जारी करने का फैसला किया है। भविष्य में मुआवजा उपकर संग्रह से इतनी ही राशि वसूल की जाएगी।

**जीएसटी काउंसिल के अहम फैसले**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मुआवजे की रिलीज के साथ केंद्र जीएसटी (राज्यों को मुआवजा) अधिनियम, 2017 के मुताबिक 5 वर्षों के लिए अस्थायी रूप से बनाई गई क्षतिपूर्ति व्यवस्था की पूरी राशि का भुगतान कर देगा। वित्त मंत्री ने जीएसटी काउंसिल के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि हमने आज घोषणा की है कि जीएसटी मुआवजे के लंबित शेष का पूरा बकाया चुका दिया जाएगा। जीएसटी मुआवजे का कुल बकाया 16,982 करोड़ रुपये है।

इन वस्तुओं पर घटी जीएसटी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद ने शनिवार को तरल गुड़ (राब), पेंसिल शार्पनर और कुछ ट्रैकिंग उपकरणों पर वस्तु एवं सेवा कर घटा दिया। जीएसटी परिषद की 49वीं बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए मंत्री ने यह भी बताया कि पान मसाला और गुटखा उद्योग द्वारा कर चोरी की जांच करने और वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) पर जीओएम (मंत्रियों का समूह) की रिपोर्ट आ गई हैं। इस पर आगे विचार किया जाएगा।

**किन चीजों पर कितनी घटी जीएसटी**

पेंसिल शार्पनर पर GST 18% से घटाकर 12% कर दिया गया है। इसके अलावा, कुछ शर्तों के अधीन टैग ट्रैकिंग डिवाइस या डेटा लॉगर पर जीएसटी में कमी की गई है।

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि जीएसटी परिषद ने नियत तारीख के बाद वार्षिक जीएसटी रिटर्न दाखिल करने पर विलंब शुल्क को युक्तिसंगत बनाने का फैसला किया है। बैठक में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों (विधायिका के साथ) और केंद्र सरकार और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

# रेलवे ने शुरू की डोर टू डोर रेलवे पार्सल की पिक-अप व डिलीवरी सर्विस



**नईदिल्ली।** रेलवे ने एक नई सर्विस शुरू की है और वो भी भारतीय डाक के साथ पार्टनरशिप करके। इस सर्विस का फायदा आप और हम जैसे लोगों को भी मिलेगा। ऐसे में सबका समय तो बचेगा ही पैसा भी बचेगा। जी हां भारतीय रेलवे ने भारतीय डाक के साथ मिलकर डोर टू डोर रेलवे पार्सल की पिक-अप और डिलीवरी सर्विस शुरू की है।

जानकारी के अनुसार इस सर्विस का नाम 'रेल पोस्ट गति शक्ति एक्सप्रेस कार्गो सेवा' है। इस सर्विस का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अब ग्राहकों को रेलवे से बुक किए गए पार्सल के पिकअप या डिलीवरी के लिए रेलवे स्टेशन जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ग्राहक का पार्सल अब घर पर ही पहुंच जाएगा। बस आपके घर का पता सही होना चाहिए।

रेल पोस्ट गति शक्ति एक्सप्रेस कार्गो सर्वि के तहत इंडिया पोस्ट ग्राहक के घर से ही पार्सल पिकअप करेगा और रेलवे स्टेशन तक पहुंचाएगा। इसके बाद, रेलवे माल को गंतव्य तक लेकर जाएगा। इसके बाद फिर से इंडिया पोस्ट आपके पार्सल को ग्राहक के घर तक देने जाएगा।


# वरिष्ठ नागरिकों के लिए एसबीआई ने शुरू की नई योजना, मिलेगा जबरदस्त रिटर्न

**नईदिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक योजना शुरू की है जो उन्हें बड़ा फायदा देने वाली है। इस योजना के तहत वरिष्ठ नागरिक अपना पैसा इस योजना में निवेश कर सकते है। इस योजना का नाम अमृत कलश योजना है। जो एक सीमित अवधि की फिक्स्ड डिपॉजिट योजना है।

इस योजना में सामान्य नागरिक भी निवेश कर सकते है और गारंटेड रिर्टन प्राप्त कर सकते है। इस योजना में सामान्य नागरिकों के लिए 7.10 प्रतिशत की ब्याज दर तय की गई है। जबकि वरिष्ठ नागरिकों 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज दर का लाभ दिया जा रहा है। जिससे उनका रिटर्न 7.60 प्रतिशत हो जाएगा।

जानकारी के अनुसार इस योजना की अवधि 400 दिन की है। इस दौरान निवेशक 15 फरवरी, 2023 से 31 मार्च, 2023 के बीच अपना पैसा निवेश कर सकते है। जैसे ही इस योजना की अवधी पूरी होगी आपको आपका पैसा पूरे ब्याज के साथ मिल जाएगा।

# अडानी ग्रुप के शेयरों के लिए अच्छी खबर, एनएसई के अलग-अलग इंडेक्स में होगी लिस्टिंग




**नई दिल्ली।** देश के सबसे एक्सचेंज एनएसई ने अदाणी ग्रुप की दो कंपनियों अदाणी विल्मर और अदाणी पावर को अलग-अलग इंडक्सों में शामिल करने का फैसला किया है। जानकारी के मुताबिक, 31 मार्च, 2023 से होने वाले बदलाव में इन दोनों कंपनियों को इंडेक्स में शामिल किया जाएगा।

इस फैसले के बाद आने वाले समय में अदाणी विल्मर निफ्टी नेक्स्ट 50 और निफ्टी 100 इंडेक्स का पार्ट होगा, जबकि अदाणी पावर निफ्टी 500, निफ्टी 200, निफ्टी मिडकैप 100, निफ्टी मिडकैप 150, निप्टी लॉर्जकैप 250 और निफ्टी मिडस्मॉलकैप 400 का हिस्सा होगा। ये सभी बदलाव 31 मार्च, शुक्रवार की शाम से लागू हो जाएंगे।

**एनएसई की कमेटी लेती है फैसला-** एनएसई की इंडेक्स मेंटेनेंस सब-कमेटी एक निश्चित अवधि में होने वाली समीक्षा के दौरान शेयरों को मार्केट कैप के आधार पर इंडेक्स रिप्लेस करती है। कमेटी ने इस बार निफ्टी 50 इंडेक्स में बदलाव नहीं करने का फैसला किया है।

**अदाणी विल्मर और अदाणी पावर के अलावा ये शेयर भी होंगे शामिल-** निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स में अदाणी विल्मर के अलावा एबीबी इंडिया, केनरा बैंक, पेज इंडस्ट्री और वरुण बेवरेजेज को शामिल करने का फैसला किया है, जबकि बंधंन बैंक, बायोकॉन, ग्लैंड फार्मा, एमफेसिस और वन 97 कम्युनिकेशंस निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स से बाहर होंगे।

**MSCI ने वेटेज घटाने के फैसले को टाला-** हिंडनबर्ग रिपोर्ट सामने आने के बाद एमएससीआई ने अदाणी ग्रुप के दो फर्मों अदाणी ट्रांसमिशन और अदाणी टोटल गैस में वेटेज घटाने का फैसला किया था, लेकिन बाद में इस फैसले को मई तक के लिए टाल दिया गया।

# अपने 100वें टेस्ट में शून्य पर आउट हुए चेतेश्वर पुजारा



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख स्पिनर नाथन लियोन ने शनिवार को यहां शानदार गेंदबाजी के दम पर दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन लंच तक भारत का स्कोर चार विकेट पर 88 रन कर दिया। लोकेश राहुल (17) की खराब लय जारी रही जबकि चेतेश्वर पुजारा (शून्य) अपने 100वें टेस्ट की पहली पारी यादगार नहीं बना सके। भारतीय शीर्ष क्रम में सिर्फ कप्तान रोहित शर्मा (32) ही अच्छी लय में दिखे। लियोन ने भारत के शीर्ष क्रम को बार-बार परेशान करते हुए 11 ओवर में 25 रन देकर चार विकेट चटकाये। जामथा (नागपुर) की तुलना में कोटला की पिच की गति थोड़ी अधिक थी। ऐसे में लियोन ने फ्लाइटेड गेंदों का शानदार इस्तेमाल किया। इससे बल्लेबाजों के मन में संदेह पैदा हुआ और वे बार-बार चकमा खाते दिखे। सलामी बल्लेबाज राहुल ऑस्ट्रेलिया के दो डीआरएस (अंपायर के फैसले की समीक्षा) अपील में बच गए लेकिन इसके बाद लियोन की गेंद पर पगबाधा होकर पवेलियन लौटे। लियोन ने 'राउंद द विकेट से गेंदबाजी की और उनकी गेंद को उम्मीद से ज्यादा टर्न मिली। राहुल की लगातार असफलता के बाद एक बार फिर से शानदार लय में चल रहे शुभमन गिल को अंतिम एकादश में मौका नहीं देने के टीम प्रबंधन के फैसले पर सवाल उठने लगे है। पिछले मैच में शतकीय पारी खेलने वाले रोहित एक बार फिर स्वीप शॉट को प्रभावी तरीके से खेल रहे थे, लेकिन वह लियोन की सीधी गेंद को पढऩे में चूक कर बोल्ड हो गये। स्टेडियम में लगभग 20,000 दर्शकों की तालियों की गडग़ड़ाहट ने 100वें टेस्ट में पुजारा का स्वागत किया लेकिन वह पगबाधा हो गये। पुजारा ने लियोन की फ्लाइटेड गेंद को रक्षात्मक तरीके से खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके पैड से टकरा गयी। मैदानी अंपायर के नॉट आउट के फैसले के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया और पुजारा को शून्य पर पवेलियन लौटना पड़ा। चोट से वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर (चार) क्रीज पर सहज दिखे लेकिन उनकी बैकफुट फ्लिक को शॉटलेग पर खड़े पीटर हैंड्सकॉम्ब ने लपक लिया। लंच विश्राम के समय पूर्व कप्तान विराट कोहली (14) के साथ रविंद्र जडेजा (15) क्रीज पर मौजूद थे।

# ट्राई की टेलीकॉम कंपनियों को चेतावनी, सेवाओं की क्वालिटी सुधारने के तुरंत लें एक्शन

**नई दिल्ली।** ग्राहकों की ओर से लगातार आ रही कॉल ड्रॉप और क्वालिटी को लेकर आ रही शिकायतों को लेकर टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (TRAI) ने टेलीकॉम कंपनियों से कहा कि कॉल ड्रॉप और डाटा आउटेज के मामलों को राज्य के लेवल पर रिपोर्ट किया जाए। साथ ही इन समस्याओं को सुलझाने के तत्काल प्रभाव से एक्शन लिया जाए, जिससे टेलीकॉम सेवाओं को लेकर ग्राहकों के अनुभव को बेहतर किया जा सके।

**ट्राई ने बैठक कर दिया निर्देश-** ट्राई के अधिकारियों ने रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के बैठक कर शुक्रवार को सर्विस क्वालिटी, 5G के नियम के साथ अन्य मुद्दों पर बातचीत की। बैठक के बाद ट्राई के चेयरमैन पीडी वाघेला ने कहा कि हम कॉल ड्रॉप और सेवा की गुणवत्ता के मुद्दे की जांच कर रहे हैं, और 5जी लागू होने के बाद भी शिकायतों में वृद्धि हुई है। हमने ऑपरेटरों से सेवा की गुणवत्ता में तुरंत सुधार करने के लिए कहा है। चाहे यह 5जी के रोलआउट के कारण हो या नहीं।

उन्होंने आगे कहा कि राज्य के आधार रिपोर्टिंग से फायदा यह होगा कि किस इलाके में अधिक समस्या है। इसका आसानी से पता लगाया जा सकेगा। इसके साथ हमने राज्य के स्तर पर सेवाओं की क्वालिटी मॉनिटर करने का फैसला किया है।

**टेलीकॉम सेवाओं की क्वालिटी न गिरे-** इसके साथ ट्राई ने टेलीकॉम कंपनियों से कहा कि 5G नेटवर्क रोलआउट करते इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि सेवाओं की क्वालिटी न खराब हो। वहीं, टेलीकॉम कंपनियों ने भी स्वीकार किया है कि 5G रोलआउट के कारण कुछ जगहों पर नेटवर्क में परेशानी आ रही है, जिसे आगे सुधार लिया जाएगा।

**स्पैम कॉल और मैसेज को कम करने की तैयारी -** इसके साथ ट्राई ने गैर पंजीकृत टेली मार्केटिंग को ब्लॉक करने के लिए एआई और एमएल टूल्स लागू के बारे में चर्चा की है। इस पर ट्राई के चेयरमैन पीडी वाघेला ने कहा कि एक नया कॉम्प्रिहेंसिव टूल (जो वोडाफोन आईडिया की ओर से टेस्ट किया जा रहा है) आने वाले दो महीनों में पूरी इंडस्ट्री में लागू हो सकता है। इससे स्पैम मैसेज में कमी आएगी।

# एक्सेल एंटरटेनमेंट की फुकरे 3 होगी 7 सितंबर को रिलीज़ होगी



आखिरकार, एक लंबे इंतजार के बाद, एक्सेल एंटरटेनमेंट ने बॉलीवुड की अपनी सबसे सफल और बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फ्रेंचाइजी फुकरे 3 की रिलीज डेट का एलान कर दिया है, जोकि 7 सितंबर 2023 को कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। हंसी और ठहाकों के बीच, यह कहना बहुत सही है कि फुकरे 3 दर्शकों के बीच अपने बढ़ते क्रेज के लिए निश्चित रूप से नए स्टैंडर्ड सेट करेगी।

फुकरे 3 में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, ऋचा चड्ढा, मनजोत सिंह और पंकज त्रिपाठी हैं। फिल्म मृगदीप सिंह लांबा द्वारा निर्देशित और रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित हैजबकि निर्माताओं ने इसकी प्रोग्रेस के बारे में लगातार अपडेट के साथ फुकरे 3 की प्रत्याशा को बढ़ाया है, आज फाइनली वो फिल्म के रिलीज डेट की बड़ी घोषणा के साथ सामने आ चुके हैं जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।

7 सितंबर 2023 को रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार, रिलीज की तारीख की घोषणा दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है।फुकरे फ्रैंचाइज़ी ने हमेशा सफलता हासिल की है और फिल्म के दूसरा पार्ट, फुकरे रिटर्न्स बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी सक्सेस हासिल की थी। इसके बाद, फ्रैंचाइज़ी की लोकप्रियता ने डिस्कवरी किड्स चैनल पर फुकरे बॉयज़ नाम की एनिमेटेड सीरीज़ का निर्माण किया।

# बड़े मियां छोटे मियां के सेट पर टाइगर श्रॉफ का नया वार्म अप



लग्जरी कारों के आराम को छोडक़र एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ ने अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के सेट पर पहुंचने का एक नया तरीका चुना है। टाइगर ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह बड़े मियां छोटे मियां के सेट पर जाते समय अपनी स्केट्स में तेज गति से लुढक़ते हुए देखे जा सकते हैं। कैप्शन को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, आज समय पर काम पर पहुंच गए और हमारे इंट्रो एक्शन सीक्वेंस के लिए वार्मअप हो गया। बड़े मियां छोटे मियां अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित है और अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन विलेन के रूप में नजर आएंगे।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। दोपहर तक जिस भी कार्य को करेंगे उसमें असमंजस की स्थिति रहेगी। लेकिन दोपहर के बाद किसी अनुबंध के पूर्ण होने या अन्य किसी मार्ग से धन लाभ होने पर आर्थिक दृष्टिकोण से संतुष्टि रहेगी।

***वृष :*** आज का दिन आंशिक शुभ फलदायक रहेगा। पुरानी गलतियों या किसी से किये गलत व्यवहार की के कारण आज मन में ग्लानि रहेगी। सेहत भी आज कुछ विपरीत रहने से मन की बहुप्रतीक्षित इच्छा अधूरी रह सकती है।

***मिथुन :*** रोजगार के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास आज फलीभूत होने से आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा लेकिन आज उधारी वाले व्यवहार पर नियन्त्रण रखने की भी आवश्यकता है अन्यथा धन लम्बे समय तक अटक सकता है उधारी चुकाने के लिये दिन उत्तम है।

***कर्क :*** आज के दिन कार्य क्षेत्र पर व्यस्तता अधिक रहेगी फिर भी हाथ में लिए अनुबंध समय पर पूर्ण नहीं करने के कारण आलोचना हो सकती है। संध्या से पहले आर्थिक विषयो में सफलता मिलेगी लेकिन आवश्यकता अनुसार ही।

***सिंह :*** आज दिन के पूर्वार्ध में आपको परिश्रम के अनुसार फल ना मिलने से मानसिक पीड़ा हो सकती है। मध्याह्न के बाद स्थिति बेहतर होने लगेगी। धन की आमद होने से वित्तीय आयोजन कर पाएंगे।

***कन्या :*** आज के दिन ग्रह स्थिति में थोड़ा बदलाव आने से आपको घरेलु मामलो में विशेष सावधानी बरतने की आयवश्यक रहेगी। रूठने-मनाने में दिन का कुछ भाग व्यर्थ हो सकता है।

***तुला :*** आज आप कार्यो की भरमार का सामना करना पड़ेगा लेकिन निर्णय लेने की क्षमता में कमी रहने के कारण भ्रमित हो सकते है। आप मेहनत तो भरपूर करेंगे लेकिन आपका काम काज सामने वालों को मुश्किल से ही पसंद आएगा।

***वृश्चिक :*** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आज आप जिस भी कार्य को करेंगे उसमे अपना पूर्ण अनुभव और निष्ठा लगाएंगे लेकिन भाग्य का साथ अन्य दिनों की अपेक्षा कम रहने के कारण दिन से उचित लाभ नहीं मिल पायेगा।

***धनु :*** आज के दिन से आपको काफी आशायें रहेगा लेकिन दिनचर्या आज प्रात: काल से ही बिगडऩी आरम्भ होगी और संध्या तक अस्तव्यस्त रहने से जरूरी कामना अधूरी रह सकती है।

***मकर :*** आज आप अधिक लापरवाह रहने के कारण हानि उठा सकते है। प्रात: काल से ही मन मे यात्रा पर्यटन की योजना बनेगी इसके अंत समय पर टलने की भी संभावना है। आर्थिक लेन-देन लिख कर ही करें।

***कुंभ :*** आज दिन का पहला भाग आपकी आशाओं के विपरीत रहने वाला है। कार्य क्षेत्र पर भाग्य का साथ कम मिलेगा। आय की अपेक्षा खर्च अधिक रहने से धन की कमी अनुभव होगी महत्त्वपूर्ण कार्य को लेकर कीसी से कर्ज लेने की नौबत भी आ सकती है।

***मीन :*** आज के दिन आपकी रुकी हुई कामना पूर्ति होने की संभावना है इसके लिये स्वाभाव में नम्रता रखनी भी जरूरी है। आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा।

# स्वाद में बहुत चटपटी है मैगी भेल



आप मैगी की मदद से भेल भी बना सकते हैं। जी हां, यह बहुत ही स्वादिष्ट होती है। आइए जानते हैं, इसकी आसान रेसिपी।


**सामग्री :**

एक पैकेट मैगी, कटे हुए प्याज, हरी मिर्च, टमाटर, नीबू का रस, धनिया पत्ती कटी हुई, नमक स्वादानुसार,

**विधि :**

सबसे पहले मैगी को मिक्सी में दरदरा पीस लें। अब कढ़ाई में तेल गर्म कर लें। इसमें मैगी को क्रिस्पी होने तक भून लें। अब एक बाउल में बारीक कटा प्याज, टमाटर, हरी मिर्च और धनिया डालें। इसमें भुनी हुई मूंगफली, नीबू का रस, चाट मसाला और मैगी डालकर मिला दें। चाहें तो आप इसे सेव से सर्व कर सकते हैं।

# स्नैक्स में बनाएं मखाना ड्राई फ्रूट नमकीन



**सामग्री :-** 1 कप मखाना,1 कप मूंगफली,1 कप बादाम, 1 कप काजू, 1 कप किशमिश, 1 कप 2-3 हरी मिर्च, 1 टी स्पून काली मिर्च, स्वादानुसार सेंधा नमक, 2 टेबल स्पून पाउडर चीनी पाउडर, 1 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1 टी स्पून भूना जीरा

**विधि :-** सबसे पहले एक कड़ाही में घी गर्म करें, इसमें सबसे पहले मूंगफली को भून लें। फिर बारी-बारी से काजू, किशमिश, मखाना भून लें। इसके बाद कड़ाही में थोड़ा घी और डालें, इसमें लाल मिर्च, सेंधा नमक, काली मिर्च और जीरा डालकर भून लें। अब इसमें सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स कर दें, जब ठंडा हो जाए, तो चाय के साथ नमकीन का लुत्फ उठा सकते हैं।


# शब्द सामर्थ्य- 346

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 345 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

# सू-दोकू- 346

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.345 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |